जागरण

सीएम योगी आदित्यनाथ ने आगरा के फ्लेटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स प्रोजेक्ट को रखा प्राथमिकता में, अब 100 दिन के अंदर होगा तैयार

Author: **Tanu Gupta**
Publish Date: Sun, 17 Apr 2022 10:11 AM (IST) | Updated Date: Sun, 17 Apr 2022 10:11 AM (IST)

प्रोजेक्ट पकड़ेगा रफ्तार फ्लेटेड फैक्ट्री काम्प्लेक्स होगा तैयार। सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रोजेक्ट को प्राथमिकता में किया सम्मिलित 100 दिन के अंदर होगा काम। फाउंड्री नगर में तैयार होना है काम्प्लेक्स दो वर्ष पहले तैयार हुई थी योजना।

आगरा, जागरण संवाददाता। शहर के उद्योग जगत के लिए बड़ी राहत भरी खबर है। दो वर्ष से फाइलो में बंद फ्लेटेड फैक्ट्री काम्प्लेक्स (बहुमंजिला इमारतों में उद्योग) प्रोजेक्ट रफ्तार पकड़ेगा। शुक्रवार को लखनऊ में हुई बैठक में सीएम योगी आदित्यनाथ ने इसे अपनी प्राथमिकताओं में शामिल करते हुए 100 दिन के कार्य वाली सूची में स्थान दिया है।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग से जुड़े उद्योगों को कम स्थान और शहर के समीप अधिक उद्योग स्थापित करने के लिए दो वर्ष पहले प्रोजेक्ट तैयार किया गया था। इसके लिए फाउंड्री नगर में पांच एकड़ जमीन चिन्हित की गई थी, जिस पर चार मंजिला इमारत खड़ी की जानी थी। इसमें हर तल पर उद्यमियों को फैक्ट्री लगाने के लिए अवसर दिया जाएगा अ ौर पांच दर्जन से अधिक फैक्ट्रियां लग सकेंगी। प्रदूषण रहित उद्योग लगाए जाएंगे और उद्यामियों की सुविधा के लिए आवश्यक संसाधनों को भी विकसित किया जाएगा।

125 करोड़ से पांच एकड़ में काम्प्लेक्स होगा तैयार

फाउंड्री नगर क्षेत्र में 125 करोड़ रुपये की लागत से काम्प्लेक्स तैयार होगा। इसमें प्रदर्शनी स्थल, मीटिंग हाल, कैंटीन, पार्किंग सभी स्थान प्रस्तावित हैं। लिफ्ट के साथ ही रैंप भी दिया जाएगा।

एक स्थान पर अधिक लोगों को काम मिल सकेगा, तो उद्यामियों के लिए भी अवसर विकसित होंगे। बाहर के खरीदार एक ही स्थान पर विभिन्न क्षेत्र से जुड़ों उत्पादों से रुबरू हो सकेंगे।
उपेंद्र सिंह लवली, अध्यक्ष, आगरा शू मैन्यूफैक्चर्स एसोसिएशन

एक छत के नीचे उद्योग होने से खरीदार के लिए अधिक अवसर होंगे तो उद्यमियों को भी बेहतर बाजार मिल सकेगा। बाजार निकट होने से सुविधा भी रहेगी।

गागन दास रमानी, अध्यक्ष, आगरा शू फैक्टर्स फैडरेशन